THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

| | | |
|---|---|---|
| **DATE-12 / 9 /2023**<br>**GRADE- 10 AB** | **TERM-1 [2023 -24 ]**<br>**HINDI [2ND Language]**<br>**MARKING SCHEME** | **Max marks- 80**<br>**Time –3hrs** |

**सामान्य निर्देश :**

**i) इस प्रश्न पत्र में दो खंड है -खंड 'अ' खंड 'ब'।**

**ii) खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**iii) खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**

**iv) निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**

**v) दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**vi) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

**खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न**

| **प्रश्न** | | **अंक** |
|---|---|---|
| 1 | **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए** | 5 |
| | अंग्रेज़ डॉ. रशेल ने कहा था कि किसी नगर में दवाई लदे हुए गधे को ले जाने से एक हँसने-हँसाने वाले आदमी को ले जाना सबसे अधिक लाभकारी है क्योंकि उसका हँसना और हँसाना नि:शुल्क व सुखदाई हो सकता है। हँसी शरीर के स्वास्थ्य को शुभ संवाद देने वाली है। वह एक साथ ही शरीर और मन को प्रसन्न करती है, पाचन-शक्ति बढ़ाती है, मनुष्य का मनोबल बढ़ाती है, रक्त को चलाती है और अधिक से अधिक पसीना लाती है। हँसी शक्तिशाली औषधि है। एक डॉक्टर कहता है कि वह जीवन की मीठी मदिरा है। डॉक्टर हुईऑन कहते हैं कि आनंद से बढ़कर बहुमूल्य वस्तु मनुष्य के पास और कुछ नहीं है। कारलाइल एक राजकुमार था। वह कहता है कि जो जी भरकर हँसता है वह कभी बुरा नहीं होता। जी भरकर हँसो, तुम्हें अच्छा लगेगा। अपने मित्र को हँसाओ, वह अधिक प्रसन्न होगा। शत्रु को हँसाओ, तुमसे कम घृणा करेगा। एक अनजान को हँसाओ, तुम पर भरोसा करेगा। उदास को हँसाओ, उसका दुख कटेगा। निराश को हँसाओ, उसकी आशाएँ बढ़ेगी। एक बूढ़े को हँसाओ, वह अपने को युवा समझने लगेगा। एक बालक को हँसाओ, उसके स्वभाव में वृद्धि होगी। पर हमारे जीवन का उद्देश्य केवल हँसी ही नहीं, हमें बहुत काम करना है तथापि उन कामों में, कष्टों में और चिंताओं में एक सुंदर प्यारी वस्तु जो भगवान ने हमें दी है आंतरिक हँसी है। एक अन्य विद्वान का कहना है कि यही हँसी स्थिति बदल सकती है जब हम दूसरों के दुखों का मजाक उड़ाएँ, उसकी भावनाओं का परिहास करें। | |

| | | |
|---|---|---|
| | इस बात का हमें ध्यान रखना अनिवार्य है यह निःशुल्क मिलने वाली औषधि किसी के लिए घातक न हो।<br><br>1) हँसी को शक्तिशाली दवा क्यों कहा गया है?<br>(क) प्रसन्नता देने के कारण (ख) स्वास्थ्य देने के कारण<br>(ग) पाचन-शक्ति बढ़ाने के कारण (घ) उपर्युक्त सभी<br><br>2) हँसी से बूढ़े व्यक्तियों पर क्या प्रभाव पड़ता है?<br>(क) वे अपने आपको युवा समझने लगेंगे। (ख) वे अपने आपको बूढ़ा समझेंगे।<br>(ग) वे खुश न हो जाते हैं। (घ) वे बालक से कठिन हो जाते हैं।<br><br>3) निराश को हँसाओ तो क्या बढ़ जाएगी ?<br>(क) अकेलापन (ख) आशाएँ (ग) दुख (घ) बीमार<br><br>4) हँसी पासा कब पलट सकती है?<br>(क) दूसरों की भावनाओं का मज़ाक उड़ाने में। (ख) दूसरों की भलाई करने में।<br>(ग) हँसने के पैसे लेने में। (घ) इनमें से कोई नहीं।<br><br>5) गद्यांश के अनुसार कारलाइल कौन था?<br>(क) एक राजकुमार (ख) एक हँसने वाला व्यक्ति<br>(ग) एक अधिकारी (घ) एक राजा | |
| 2 | **दिए गए अनुच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए।**<br><br>संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय हैं – प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने अपने छात्रों को यह संदेश दिया था –" तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा।" हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प , उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।<br><br>क) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं -<br>(i) आलसी बनना (iii) डरपोक हेना<br>(ii) काम छोड़कर जाना (iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ख) प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है–<br><br>(i) संघर्ष (ii) सफलता (iii) परोपकार (iv) उपर्युक्त यभी<br><br>ग) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष है-<br>i) संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है। (iii) मानव-धर्म के प्रतिकूल है।<br><br>(ii)अपने विकास को बाधित करना है। (iv) उपर्युक्त सभी<br><br>घ) संघर्ष के मार्ग में कैसे चलना पड़ता है ?<br><br>i) बाहरी शक्ति के साथ ii) अकेला ही iii) परेशान होकर iv) उपर्युक्त सभी<br><br>ड़) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है<br>i) आलसी होना (iii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस<br><br>ii) साहसी न होना (iv) डरकर भाग जाना | |
| 3 | **निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **4** |
| | 1.प्रिया का भाई राकेश आज आएगा । रेखांकित में पद है –<br><br>क) संज्ञा पद<br><br>ख) विशेषण पद<br><br>ग) क्रिया विशेषण पद<br><br>घ) सर्वनाम पद<br><br>2. मोहन उपन्यास पढ़ रहा था –वाक्य में क्रिया-पदबंध है –<br><br>क) रहा था<br><br>ख) पढ़ रहा था<br><br>ग) उपन्यास पढ़ रहा था<br><br>घ) था<br><br>3. मेरे पड़ोस में रहनेवाला वह कल दिल्ली गया –वाक्य में रेखांकित पदबंध है –<br><br>क) संज्ञा पदबंध<br><br>ख) सर्वनाम पदबंध | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ग) विशेषण पदबंध<br>घ) क्रिया-विशेषण पदबंध<br>4.बगीचे में बहुत ही सुन्दर फूल खिले हैं। वाक्य में रेखांकित पदबंध है -<br>क) संज्ञा पदबंध<br>ख) सर्वनाम पदबंध<br>ग) विशेषण पदबंध<br>घ) क्रिया-विशेषण पदबंध<br>5.पुलिस ने चोर को  जल्दी ज़ोर-से पकड़ा_ –रेखांकित में कौन-सा पदबंध है ?<br>क) क्रिया पदबंध<br>ख) सर्वनाम पदबंध<br>ग) विशेषण पदबंध<br>घ) क्रिया विशेषण पदबंध | |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | **निम्नलिखित में प्रश्नों के उत्तर हेतु उचित विकल्प का चयन कीजिए-** | |
| | **1)**बालक रो- रोकर चुप हो गया। ( कौन सा वाक्य है ? )<br>क .सरल<br>ख .संयुक्त<br>ग .मिश्र<br>घ .इनमें से कोई नहीं<br>2)इनमें से संयुक्त वाक्य कौन सा है?<br>ड.सूर्योदय हुआ और पक्षी बोलने लगे।<br>च. रात को आकाश में तारों का मेला लग गया।<br>छ. धनी व्यक्ति हर चीज खरीद सकता है। | **4** |

| | | |
|---|---|---|
| | ज. मेरे बोलने पर सब लोग सुनते रहे।<br><br>3) जो गुणी होता है, उसे सभी चाहते हैं। वाक्य का प्रकार निम्न में से क्या होगा?<br>(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) कोई नहीं<br><br>4) अयोध्या के राजा दशरथ के चार पुत्र थे। । वाक्य का निम्न में से प्रकार होगा-<br>(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक | |
| 5 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु उचित मुहावरे चुनकर लिखिए-** | 4 |
| | 1.कई बार फेल होने के बाद पास हो जाने पर उसके दिल से ..........। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ती करें।<br><br>क) एडी चोटी का ज़ोर लगाना<br><br>ख) जिगर के टुकडे-टुकडे होना<br><br>ग) निराशा के बादल फट जाना<br><br>घ) आँखों में धुल झोंकना<br><br>2.परीक्षा में हारे मित्र का मज़ाक उड़ाकर .........अच्छा नहीं है । उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ती करें।<br><br>क) आग बबूला होना<br><br>ख) घाव पर नमक छिडकना<br><br>ग) चुल्लू भर पानी में डूब मरना<br><br>घ) आसमान ऊपर उडाना<br><br>3.जीवन में सफलता पाने केलिए ............पड़ता है।<br><br>क) खून जलाना<br><br>ख) हेकड़ी जताना<br><br>ग) आँखों का तारा | |

| | | |
|---|---|---|
| | घ) गोलमाल करना<br>4. घोर परिश्रम के बाद भी सफल नहीं हुआ तो रमेश का ..........।<br>क) हिम्मत टूट जाना<br>ख) कमर कस लिया<br>ग) हेकड़ी जता लिया<br>घ) अंधे की लाठी हो गया | |
| 6 | **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिए**<br>पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,<br>पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।<br>मेखलाकर पर्वत अपार<br>अपने सहस्त्र दृग-सुमन फाड़,<br>अवलोक रहा है बार-बार<br>नीचे जल में निज महाकार,<br>-जिसके चरणों में पला ताल<br>दर्पण सा फैला है विशाल!<br><br>1.'मेखलाकार पर्वत अपार' में पर्वत के किस भाग का वर्णन किया गया है?<br>(a) पर्वत की चोटियों का वर्णन किया गया है<br>(b) पर्वत के ऊपरी भाग का वर्णन किया गया है<br>(c) पर्वत की तलहटी का वर्णन किया गया है<br>(d) पर्वत के विशाल ढालदार भाग का वर्णन किया गया है<br><br>2.पर्वत की आँखें किसे कहा गया है?<br>(a) पर्वत की चोटी को पर्वत की आँखें कहा गया है<br>(b) पर्वत पर उगे पौधों को पर्वत की आँखें कहा गया है<br>(c) पर्वत पर खिले हज़ारों फूलों को पर्वत की आँखें कहा गया है<br>(d) पर्वत के पत्थरों को पर्वत की आँखें कहा गया है<br><br>3.अवलोक रहा है बार-बार, नीचे जल में महाकार' से क्या तात्पर्य है?<br>(a) कवि नीचे जल में बार-बार देख रहा था | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | (b) परमात्मा नीचे जल में बार-बार देख रहा था<br>(c) पर्वत नीचे फैले जल में अपने विशाल आकार को निहार रहा था<br>(d) उपरोक्त सभी<br><br>4. पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के रचयिता कौन हैं ?<br>(a) मैथिलीशरण गुप्त<br>(b) सुमित्रा नंदन पंत<br>(c) महादेवी वर्मा<br>(d) कैफी आजमी<br><br>5.कौन अपना वेश पल-पल बदल रहा है?<br>(a) पर्वत<br>(b) बादल<br>(c) प्रकृति<br>(d) वृक्ष | |
| 7 | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए। (1 × 5 = 5)<br>सदियों पूर्व, जब लिटिल अंडमान और कार-निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तब वहाँ एक सुंदर-सा गाँव था। पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था। उसका नाम था ततााँरा। निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था। अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्त्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते थे। वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता। दूसरे गाँव में भी पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते थे। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता था।<br><br>(i) तताँरा द्वारा परम कर्त्तव्य माना गया है?<br>क. समूचे द्वीपवासियों की सहायता करना<br>ख. अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना | **5** |

ग. अपने गाँववासियों की सहायता करना

घ. पशु-पर्व में सम्मिलित होना

ii. निकोबार के लोगों द्वारा तताँरा से प्रेम करने का क्या कारण था?

क. क्योंकि उसके पास अद्भुत तलवार थी

ख. क्योंकि वह उनके गाँव का नवयुवक था

ग. क्योंकि वह सबकी सहायता करने के लिए तैयार रहता था

घ. क्योंकि वह अत्यंत सुंदर था

iii. गाँव के लोग तताँरा के करीब क्यों रहना चाहते थे?

क. उसकी सेवा भावना को देखने के कारण

ख. उसकी तलवार का प्रयोग करने के कारण

ग. उसके आत्मीय स्वभाव के कारण

घ. उसकी शक्ति के कारण

iv. तताँरा को दूसरे गाँव के पर्व-त्योहारों में क्यों आमंत्रित किया जाता था?

क. उसके गंभीर स्वभाव के कारण

ख. मुसीबत में पड़े लोगों की सहायता करने के कारण

ग. उसके द्वारा परंपराओं को महत्त्व देने के कारण

घ. उसके आकर्षक व्यक्तित्व के कारण

V. गद्यांश के अनुसार तताँरा के चरित्र की क्या विशेषता है?

क. त्यागमय स्वभाव की

ख. आकर्षक व्यक्तित्व की

ग. सभी विकल्प सही हैं

घ. कर्त्तव्यनिष्ठता की

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 8 | **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**<br>1.आपा' शब्द का अर्थ है ....<br>(a) जल<br>(b) अहंकार<br>(c) अपनापन<br>(d) मानसिक संतुलन<br><br>2. **कवि ने सुमृत्यु किसे कहा है?**<br>(a) जो मरने के बाद भी अमर रहे<br>(b) जो महान उद्देश्य के लिए मरे<br>(c) जो परोपकार, सेवा, त्याग और बलिदान का जीवन जिए<br>(d) सद्गुणों के कारण मरने के बाद जिसे लोग याद करें<br><br>3. **मनुष्य कहलाने का वास्तविक अधिकारी कौन है?**<br>(a) जो दूसरे मनुष्य के लिए प्राण दे<br>(b) जो अपने लिए जिए<br>(c) जो दान करे<br>(d) जो मृत्यु से भयभीत हो<br><br>4. **. मीराबाई 'हरि' शब्द का प्रयोग किनके लिए कर रही हैं?**<br>(a) भगवान विष्णु और उनके विभिन्न अवतारों के लिए<br>(b) भगवान शिव के लिए<br>(c) श्रीराम के लिए<br>(d) ब्रह्मा के लिए<br><br>5. **नरसिंह भगवान ने किसकी रक्षा की?**<br>(a) प्रह्लाद की<br>(b) नरसी भगत की<br>(c) ध्रुव की<br>(d) मीरा | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| | 6. **लेखक के टाइम-टेबिल में क्या नहीं होता था**<br>(a) पढ़ाई<br>(b) टहलना<br>(c) अंग्रेजी की पढ़ाई<br>(d) खेल-कूद | |
| **9.** | **खंड - ' ब ' ( वर्णनात्मक प्रश्न )**<br><br>**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए**<br>1. **क)** पर्वत प्रदेश में वर्षा ऋतु में प्राकृतिक सौंदर्य कई गुना बढ़ जाता है, परंतु पहाड़ों पर रहने वाले लोगों के दैनिक जीवन में क्या कठिनाइयाँ उत्पन्न होती होंगी? उनके जीवन के विषय में अपने विचार लिखिए।<br><br>पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश' के माध्यम से कवि यह कहना चाहता है कि पर्वतीय प्रदेश की वर्षा ऋतु में प्रकृति में क्षण-क्षण में बदलाव आता रहता है। वहाँ अचानक सूर्य बादलों के पीछे छिप जाता है। बादल गहराते ही वर्षा होने लगती है। चारों ओर धुआँ-धुआँ-सा छा जाता है। पल-पल में हो रहे इस परिवर्तन को देखकर लगता है कि प्रकृति अपना वेश बदल रही है। परंतु पहाड़ों पर रहने वाले लोगों के दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयाँ उत्पन्न होती है। हर दिन होनेवाले परिवरतन के कारण उनकी कृषि का नाश होते है उन लोगों की कमाई का एक ही साधन कृषि है।<br><br>2.बड़े भाई दिमाग को आराम देने केलिए क्या करते थे ?<br>बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए कभी कापी पर वे कभी किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों के चित्र बनाते थे। कभी-कभी वे एक शब्द या वाक्य को अनेक बार लिख डालते, कभी एक शेर-शायरी की बार-बार सुंदर अक्षरों में नकल करते। कभी ऐसी शब्द रचना करते, जो निरर्थक होती, कभी किसी आदमी को चेहरा बनाते।<br><br>2. कविता "पर्वत-प्रदेश में पावस" में झरने पर्वत की महानता के गीत गा रहे हैं। पर्वत के प्रति उनकी भावनाएँ किस प्रकार की होंगी। अपने शब्दों में लिखिए।<br><br>पर्वतों की ऊँची चोटियों से 'सर-सर करते बहते झरने देखकर ऐसा प्रतीत होता है, मानों वे पर्वतों की उच्चता व महानता की गौरव-गाथा गा रहे हों। जहाँ तक बहते हुए झरने की तुलना का संबंध है तो बहते हुए झरने की तुलना मोती रूपी लड़ियों से की गई है।झरने उनका गुणगान कर रहे थे ?उसकी सुंदरता देखकर वह अपने आप भूलकर खड़ा हुआ है ? | **6** |
| **10.** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए**<br>**1.** कलकत्ता वासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन क्यों महत्त्वपूर्ण था? | **6** |

| | | |
|---|---|---|
| | **26 जनवरी 1931 का दिन कलकत्तावासियों के लिए इसलिए महत्त्वपूर्ण था क्योंकि सन् 1930 में गुलाम भारत में पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था। इस वर्ष उसकी पुनरावृत्ति थी जिसके लिए काफ़ी तैयारियाँ पहले से ही की गई थीं। इसके लिए लोगों ने अपने-अपने मकानों व सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय झंडा फहराया था और उन्हें इस तरह से सजाया गया था कि ऐसा मालूम होता था मानों स्वतंत्रता मिल गई हो।**<br>2. पहले पद में मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है?<br>पहले पद में मीरा ने अपनी पीड़ा हरने की विनती इस प्रकार की है कि हे ईश्वर! जैसे आपने द्रौपदी की लाज रखी थी, गजराज को मगरमच्छ रूपी मृत्यु के मुख से बचाया था तथा भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के लिए ही आपने नृसिंह अवतार लिया था, उसी तरह मुझे भी सांसारिक संतापों से मुक्ति दिलाते हुए अपने चरणों में जगह दीजिए।<br>**3.** पुलिस ने बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को क्यों घेर लिया था?<br>पुलिस ने बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को लोगों को स्वतंत्रता दिवस मनाने से रोकने के लिए घेर लिया था। | |
| **11** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए**<br>**1.** बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों ?<br>बड़े भाई साहब छोटे भाई के होशियार होने के बाद भी चाहते थे कि वह हरदम पढ़ता रहे और अच्छे अंकों से पास होता रहे। इसलिए वे उसे हमेशा सलाह देते कि ज़्यादा समय खेलकूद में न बिताए, अपना ध्यान पढ़ाई में लगाए। वे कहते थे कि अंग्रेजी विषय को पढ़ने के लिए दिनरात मेहनत करनी पड़ती है। यदि मेहनत नहीं करोगे तो उसी दरजे में पड़े रहोगे।<br>**2.** सहस्र दृग-सुमन' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इस पद का प्रयोग किसके लिए किया होगा?<br>**सहस्र दृग-सुमन कवि का तात्पर्य पहाड़ों पर खिले हजारों फूलों से है। कवि को फूल पहाड़ों की आँखों के समान लग रहे हैं इसीलिए कवि ने इस पद का प्रयोग किया है। मानवीकरण अलंकार का प्रयोग करते हुए कवि कह रहा है कि झील रूपी दर्पण में पर्वत अपने हजार नेत्रों से अपनी सुन्दरता निहार रहा है।**<br>**3.** झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं? बहते हुए झरने की तुलना किससे की गई है<br>झरने पर्वतों की ऊँची चोटियों से झर-झर करते बह रहे हैं। ऐसा लगता है मानो वे पर्वतों की महानता की गौरव गाथा गा रहे हों। | **6** |

| | | |
|---|---|---|
| | **दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर एक अनुच्छेद लिखिए** | |
| 12 | **क) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत**<br>भूमिका -1<br>विषय वस्तु -3<br>भाषा -1<br><br>**(ख) प्रकृति की रक्षा, मानव की सुरक्षा**<br>भूमिका -1<br>विषय वस्तु -3<br>भाषा -1<br><br>**(ग) सैनिक देश के रक्षक**<br>भूमिका -1<br>विषय वस्तु -3<br>भाषा -1 | 5 |
| 13 | बरसात के दिनों में जल भराव के कारण होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए नगर निगम अधिकारी को लगभग **120 शब्दों में** पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>प्लास्टिक की चीज़ों से हो रही हानि के बारे में दैनिक भास्कर समाचार-पत्र के संपादक को लगभग **120 शब्दों में** पत्र लिखकर अपने सुझाव दीजिए।<br><br>भूमिका -1<br>विषय वस्तु -3<br>भाषा -1 | 5 |
| 14 | **क.** आप सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष के रूप में स्कूल में आयोजित अंतः स्कूल नृत्य और गीत प्रतियोगिता के लिए **<u>50 शब्दों में</u>** सूचना-पत्र लिखिए।<br><br>**अथवा**<br>आपका स्कूल ग्रीष्मावकाश में नागपुर से गोवा की यात्रा का आयोजन कर रहा है। इस यात्रा संबंधित **<u>50 शब्दों में</u>** सूचना-पत्र लिखिए।<br><br>भूमिका -1<br>विषय वस्तु -3<br>भाषा -1 | 4 |
| 15 | | 2.5 |

1)ज्ञानोदय कोचिंग सेंटर में छात्रों को प्रवेश लेने हेतु आकर्षित करते हुए **50 शब्दों में** एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।
**(2.5)** **(2.5)**

**अथवा**

रचना रजिस्टर एवं कापियाँ बनाने वाली कंपनी के लिए **50 शब्दों में** एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

2)प्रकाश एल०ई०डी० बल्ब बनाने वाली कंपनी अपनी बिक्री बढ़ाना चाहती है। उसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

जल संरक्षण हेतु विज्ञापन बनाइए **5**

भूमिका -1
विषय वस्तु -3
भाषा -1

**16**

**नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में लघुकथा लेखन कीजिए | लघुकथा का शीर्षक एवं सीख भी लिखिए |**

**जहाँ चाह, वहाँ राह**

**अथवा**

लालच का फल

भूमिका -1
विषय वस्तु -3
भाषा -1

Prepared by - Ms Vineetha manoj HOD - Ms Vidhya Rajesh HOS- Mr Renson Benedict